# भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
# "खनिज भवन" भोपालपानी, देहरादून।

**संख्या 5944 /उप0ख0(ईनि)-V/भू0खनि0निदेशा0/2025–26,** **दिनांक 16 जनवरी, 2026**

**तकनीकी निविदा का परिणाम**

उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 की अधिसूचना संख्या 977/VII-A-1/2023–24ख/2007, दिनांक 16 जून, 2023 के द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2023 के अध्याय–4 के नियम–20 (1), (2) एवं (4) में राजस्व नदी तल उपखनिज लॉटों की घोषणा किये जाने, घोषित उपखनिज लॉटों का ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही के प्राविधानों के दृष्टिगत निदेशालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या 5296/उ0ख0(ईनि)–V/वि0का0ज्ञ0/भू0खनि0नि0/2025–26, दिनांक 09 दिसम्बर, 2025 के द्वारा विज्ञप्तिकरण हेतु प्रदत्त स्वीकृत के क्रम में कार्यालय के निविदा आमंत्रण प्रपत्र संख्या 5489/TEH_03/उ0ख0(ईनि)–V/भू0खनि0नि0/2025–26, दिनांक 17.12.2025 के द्वारा जनपद टिहरी गढवाल की तहसील कीर्तिनगर के ग्राम जाखणी घिल्डियालगांव–2 (अलकनन्दा नदी) के खसरा संख्या 707 व खसरा संख्या 1015 मध्ये कुल रकवा 1.800 है0 राजस्व उपखनिज क्षेत्र हेतु प्रति वर्ष उपखनिज की निकासी की मात्रा 97,200 टन एवं आधार मूल्य रू0 68,04,000.00 निर्धारित करते हुए, उक्त उपखनिज लॉट को नियमावली के नियम 20(2) के प्रावधानानुसार 05 है0 से कम क्षेत्रफल हेतु राज्य के मूल निवासी/निवासियों की समितियों/फर्म/कम्पनियों को 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन के लिए तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा में इच्छुक बोलीदाताओं हेतु निर्धारित समय–सारणी के अनुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गयी, जिसके क्रम में तकनीकी निविदा निर्धारित तिथि दिनांक 09.01.2026 (शुक्रवार) को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति के द्वारा खोली गयी।

निविदा समिति की संस्तुति के दिनांक 09.01.2026 के अनुसार जनपद टिहरी गढवाल की तहसील कीर्तिनगर के ग्राम जाखणी घिल्डियालगांव–2 (अलकनन्दा नदी) के खसरा संख्या 707 व खसरा संख्या 1015 मध्ये कुल रकवा 1.800 है0 राजस्व उपखनिज क्षेत्र में 09.01.2026 (शुक्रवार) को खोली गयी तकनीकी निविदा में प्राप्त निविदाताओं का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0सं0 | निविदादाताओं का नाम | तकनीकी निविदा का परिणाम |
|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* |
| 1. | श्री भगवान सिंह कण्डारी | अभिलेख पूर्ण। |
| 2. | श्री विजय मोहन उनियाल | अभिलेख पूर्ण। |
| 3. | बद्री केदार कन्स्ट्रक्शन एण्ड कन्सलटेंसी | निविदाकार बद्री केदार कन्स्ट्रक्शन एण्ड कन्सलटेंसी का नाम Bid opening, Bid List में प्रदर्शित हो रहा है, किन्तु ऑनलाईन/ऑफलाईन निविदा अभिलेख श्री ज्ञान प्रकाश पैन्यूली के नाम अपलोड किये गये है, के कारण असफल निविदाकार घोषित। |

अतः निविदा समिति की संस्तुति के अनुसार उपरोक्त वर्णित उपखनिज लॉट की 09.01.2026 (शुक्रवार) को खोली गयी तकनीकी निविदा में उपरोक्त तालिका के बिन्दु संख्या 03 में उल्लिखित निविदाकार असफल निविदाकार होने तथा वित्तीय निविदा हेतु 03 सफल निविदाकार न होने के फलस्वरूप उक्त लॉट की निविदा की कार्यवाही को निरस्त किया जाता है तथा पुनः निविदा आमंत्रण हेतु अनुमति प्रदान की जाती है।

16/01/26
(अनिल कुमार)
अपर निदेशक
कृते निदेशक

**संख्या 5944 /उप0ख0(ईनि)-V/भू0खनि0निदेशा0/2025–26,** **तददिनांकित।**

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित :–**

1. प्रभारी अधिकारी, आई0टी0 सेल, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त तकनीकी निविदा का परिणाम www.uktenders.gov.in में अपलोड करना सुनिश्चित करें।

16/01/26
(अनिल कुमार)
अपर निदेशक
कृते निदेशक

**भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड**
**"खनिज भवन" भोपालपानी देहरादून।**

**संख्या: 6203/उ0ख0(ईनि0)–V/भू0खनि0नि0/2025–26,** **दिनांक 24 जनवरी, 2026**

**संशोधित तकनीकी निविदा का परिणाम**

निविदा आमंत्रण प्रपत्र संख्या 5489/TEH_03/उ0ख0(ईनि)–V/भू0खनि0नि0/2025–26, दिनांक 17.12.2025 के द्वारा जनपद टिहरी गढवाल की तहसील कीर्तिनगर के ग्राम जाखणी घिल्डियालगांव–2 (अलकनन्दा नदी) के खसरा संख्या 707 व खसरा संख्या 1015 मध्ये कुल रकवा 1.800 है0 राजस्व उपखनिज क्षेत्र की आमंत्रित निविदा के तकनीकी निविदा का परिणाम निदेशालय के पत्र संख्या 5944/उ0ख0(ईनि)–V/भू0खनि0निदेशा0/2025–26, दिनांक 16 जनवरी 2026 के द्वारा घोषित किया गया था, **जिसमें 03 निविदा प्राप्ति दर्शित करते हुए एक निविदा अपूर्ण प्राप्त होने के कारण निविदा निरस्त की गयी थी, जबकि उक्त लॉट में एकल निविदा ही प्राप्त हुयी थी के दृष्टिगत उक्त निविदा के तकनीकी परिणाम की तालिका के स्थान पर निम्नवत् संशोधन किया जाता है:–**

| क्र0सं0 | निविदादाताओं का नाम | तकनीकी निविदा का परिणाम |
|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* |
| 1. | एकल निविदा | उक्त लॉट में ऑफलाईन 03 निविदा एवं ऑनलाईन 01 निविदा प्राप्त हुयी तथा निविदाकारों की संख्या कम होने के कारण निविदा प्रतिस्पर्धी न पाये जाने के दृष्टिगत उक्त लॉट की निविदा निरस्त की जाती है तथा पुनः अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है। |

अतः निदेशालय के पत्र संख्या 5944/उ0ख0(ईनि)–V/भू0खनि0निदेशा0/2025–26, दिनांक 16 जनवरी 2026 के द्वारा जारी तकनीकी निविदा के परिणाम को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जायें।

23/01/26

**(अनिल कुमार)**
अपर निदेशक
कृते निदेशक

**संख्या: 6203/उ0ख0(ईनि0)–v/भू0खनि0नि0/2025–26, तददिनांक।**
**प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रभारी अधिकारी, आई0टी0 सेल, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून को राज्य सरकार की वेबसाईट www.uktenders.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in पर अपलोड करने हेतु।

23/01/26

**(अनिल कुमार)**
अपर निदेशक
कृते निदेशक